उत्क्रमित विद्यालयों में होगी 62सौ लिपिकों की बहाली

- पद सृजित, जल्द शुरू होगी नियुक्ति प्रक्रिया
- सभी मध्य, उच्च विद्यालयों में लिपिकों की भर्ती होगी

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने शनिवार को कहा कि उत्क्रमित विद्यालयों में 6200 लिपिकों के पद सृजित किये गए हैं। इन पदों पर शीघ्र बहाली की जाएगी। विभाग ने इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

'शिक्षा की बात' कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि अन्य सभी उत्क्रमित विद्यालयों में भी लिपिकों की नियुक्ति पर विचार हो रहा है। सरकार का लक्ष्य यह है कि इन विद्यालयों में कम से कम एक लिपिक की नियुक्ति की जाए। डॉ. सिद्धार्थ ने कहा कि विभाग की भविष्य की योजना तो यह है कि सभी मध्य व उच्च विद्यालयों में लिपिकों की नियुक्ति की जाए। ताकि प्रधानाध्यापक और शिक्षक सिर्फ अध्ययन-अध्यापन का कार्य ही करें। अन्य कार्यों के लिए एक लिपिक हो। गौरतलब हो कि सरकारी विद्यालयों में अर्से से लिपिकों की बहाली नहीं हुई है। इसके कारण शिक्षकों को ही अध्यापन के साथ-साथ लिपिक के कार्यों की दोहरी जिम्मेदारी भी निभानी पड़ रही है।